IJCRT.ORG ISSN : 2320-2882

INTERNATIONAL JOURNAL OF CREATIVE RESEARCH THOUGHTS (IJCRT)

An International Open Access, Peer-reviewed, Refereed Journal

# हवालबाग विकासखंड (अल्मोड़ा जनपद) में ग्रामीण जनसंख्या वृद्धि का अध्ययन

रेनू[1],बसन्त बल्लभ भट्ट[2]
[1]शोध छात्रा,[2]असिस्टेंट प्रोफेसर
भूगोल विभाग
एस.एस.जे.डी.डब्ल्यू.एस.एस.एस.राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय रानीखेत,अल्मोड़ा(उत्तराखंड)

## सारांश

जनसंख्या वृद्धि, एक निश्चित समयावधि में किसी क्षेत्र विशेष के निवासियों की संख्या में परिवर्तन से है। जनसंख्या वृद्धि धनात्मक तथा ऋणात्मक दोनों रूपों में हो सकती है तथा जन्मदर, मृत्युदर तथा प्रवास जनसंख्या वृद्धि के प्रमुख घटक हैं। जनसंख्या वृद्धि को जनसांख्यिकीय गतिशीलता की धुरी माना जाता है। किसी क्षेत्र की जनसंख्या संबंधी विशेषताएं ही नहीं अपितु किसी क्षेत्र की विकासगति जिसमें सामाजिक-आर्थिक तथा सांस्कृतिक उन्नति भी जनसंख्या वृद्धि से परस्पर रूप से संबंधित होती हैं। पर्वतीय क्षेत्रों में ग्रामीण जनसंख्या में निरन्तर ह्रास हो रहा है तथा नगरीय जनसंख्या में तीव्रता से वृद्धि देखी जा रही है तथा ग्रामीण क्षेत्र निरन्तर वीरान होते जा रहे हैं। जिस कारण ग्रामीण क्षेत्रों की जनसंख्या संबंधी समस्याएं विशेष रूप से ध्यान आकर्षित कर रही है। प्रस्तुत शोध-पत्र अल्मोड़ा जनपद के हवालबाग विकासखंड में ग्रामीण जनसंख्या वृद्धि में परिवर्तन का अध्ययन है। विकासखंड में 1971-2011 दशकों में ग्रामीण जनसंख्या वृद्धि में निरन्तर गिरावट दर्ज की गयी है जिस कारण से ग्रामीण जनसंख्या में तेजी से ह्रास ग्रामीण क्षेत्रों के विकास पर एक बाधा के रूप में प्रकट हो रहा है।

**मुख्य बिन्दु**- ग्रामीण जनसंख्या, दशकीय वृद्धि, स्थानिक-कालिक परिवर्तन, विश्लेषणात्मक अध्ययन

## प्रस्तावना

किसी क्षेत्र विशेष में निवासित व्यक्तियों की संख्या को जनसंख्या के रुप में परिभाषित किया जाता है। किसी स्थान विशेष में उपस्थित भौतिक तत्व जनसंख्या की अनुपस्थिति में पूर्ण रुप से अस्पष्ट एवं व्यर्थ हैं क्योंकि मनुष्य द्वारा इन उपलब्ध संसाधनों का उपयोग कर वहाँ पर आर्थिक-सामाजिक पृष्ठभूमि का निर्माण किया जाता है। निरन्तर बढ़ती हुई जनसंख्या के कारण संसाधनों पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है क्योंकि बढ़ती हुई जनसंख्या के साथ उनकी आवश्कताएं जिसमें भोजन, पानी व ऊर्जा इत्यादि की मांग बढ़ती है जिस कारण से संसाधनों का दोहन होता है तथा पर्यावरण ह्रास जैसी समस्याओं का सामना करना पड़ता है इसके विपरीत जनसंख्या में ह्रास होने पर किसी स्थान विशेष के आर्थिक-सामाजिक विकास में गतिरोध उत्पन्न होता है अतः जिस कारण से जनसंख्या तथा संसाधनों के मध्य सन्तुलन आवश्यक है क्योंकि संतुलित एवं कुशल जनसंख्या ही किसी क्षेत्र या देश की उन्नति का कारण बनती है तथा वही अनियत्रिंत एवं अकुशल जनसंख्या आर्थिक पिछड़ेपन का कारण बनती है। अतः जनसंख्या का अध्ययन करना अन्य विद्वानों के साथ-साथ भूगोलवेत्ताओं के लिए भी एक महत्तवपूर्ण विषय रहा है। जनसंख्या वृद्धि, एक निश्चित समयावधि में किसी क्षेत्र विशेष की जनसंख्या में परिर्वतन से है यह परिवर्तन धनात्मक एवं

ऋणात्मक दोनों रुपों में हो सकता है। जन्मदर, मृत्युदर एवं प्रवास जनसंख्या वृद्धि के प्रमुख घटक हैं। जनसंख्या वृद्धि सम्पूर्ण जनसांख्यिकीय संरचना में परिवर्तन लाने वाला मुख्य कारक है अतः जनसंख्या वृद्धि के विश्लेषणात्मक अध्ययन से सम्पूर्ण क्षेत्र की जनसंख्या संबंधी विशेषताओं को आसानी से समझा जा सकता है।
वर्तमान में पर्वतीय राज्यों के ग्रामीण क्षेत्रों से मैदानी क्षेत्रों की ओर हो रहे निरन्तर पलायन के कारण ग्रामीण क्षेत्रों में निरन्तर जनसंख्या ह्रास तथा मैदानी क्षेत्रों में जनसंख्या जमाव की स्थिति देखी जा रही है जिस कारण से मैदानी क्षेत्रों की तुलना में ग्रामीण क्षेत्रों की जनसंख्या संबंधी समस्याएं विशेष ध्यान आकर्षित कर रही है। अतः इसी क्रम में प्रस्तुत शोध-पत्र अल्मोड़ा जनपद के हवालबाग विकासखंड में ग्रामीण जनसंख्या वृद्धि का अध्ययन है। अल्मोड़ा जनपद उतराखंड राज्य का एक प्रमुख पर्वतीय जनपद है जो अपनी एक विशिष्ट सांस्कृतिक पहचान के कारण सांस्कृतिक नगरी के रुप में जाना जाता है परन्तु जनपद की जनसंख्या में ह्रास विशेषकर जिसमें ग्रामीण जनसंख्या सम्मिलित है एक प्रमुख समस्या के रुप में उभरकर सामने आ रही है तथा वर्ष 2011 की जनगणना में जनपद में नकारात्मक वृद्धि दर दर्ज की गयी है।

## उद्देश्य

- अध्ययन क्षेत्र में राजस्व ग्राम के अनुसार ग्रामीण जनसंख्या वृद्धि में परिवर्तन के प्रतिरुप का अध्ययन करना।

## विधि-तंत्र


प्रस्तुत शोध-पत्र द्वितीयक आंकड़ो आधारित है तथा शोध-पत्र में वर्ष 1971-2011 तक की समयावधि को सम्मिलित किया गया है। वर्ष 1971-2011 के जनसंख्या संबंधी आंकड़े जनगणना हस्तपुस्तिका जिला अल्मोड़ा, सांख्यिकीय पत्रिका अल्मोड़ा, विभिन्न पत्र-पत्रिकाओं, पुस्तकों व विद्वानों द्वारा प्रकाशित रचनाओं द्वारा एकत्रित किये गये हैं। विश्लेषणात्मक व व्याख्यात्मक उपागम का उपयोग करते हुए आंकड़ो को ग्राफ व चार्टों के माध्यम से निरुपित किया गया है तथा QGIS का उपयोग करके मानचित्रों द्वारा वृद्धिदर के स्थानिक-कालिक परिवर्तन के दर्शाया गया है। दशकीय वृद्धि का आकलन निम्न सूत्र के माध्यम से किया गया है-

जनसंख्या वृद्धिदर = $P^1 - P^2 / P^2 * 100$

$P^1$- वर्तमान वर्ष की जनसंख्या $P^2$- विगत वर्ष की जनसंख्या

## अध्ययन क्षेत्र

हवालबाग विकासखंड, उत्तराखंड राज्य के अल्मोड़ा जनपद के ग्यारह विकासखंडों में से एक है। विकासखंड का अंक्षाशीय विस्तार 29°32'30" उत्तर से 29°44'32" उत्तरी अंक्षाश तथा देशान्तरीय विस्तार 79°31'11" पूर्व से 79°43'50" पूर्वी देशान्तर हैं। विकासखंड का कुल क्षेत्रफल 198.76 वर्ग कि0मी0 है। विकासखंड की पूर्वी सीमा भैंसियाछाना तथा लमगड़ा, पश्चिम में द्वाराहाट तथा ताड़ीखेत, उत्तर में ताकुला विकासखंड तथा दक्षिण में नैनीताल जनपद की सीमा लगती है। अध्ययन क्षेत्र में कुल 10 न्याय पंचायत, 129 ग्राम पंचायत तथा 236 राजस्व ग्राम तथा अल्मोड़ा नगरीय क्षेत्र सम्मिलित है।




चित्र सं.1.1 अध्ययन क्षेत्र का स्थिति व विस्तार

2011 की जनगणना के अनुसार अध्ययन क्षेत्र की कुल ग्रामीण जनसंख्या 67,447 है जिसमें कुल पुरुषों की जनसंख्या 32,697 तथा महिलाओं की जनसंख्या 34,750 है। विकासखंड में आबाद ग्रामों की कुल संख्या 219 जिसमें कुल 14,578 परिवार निवास करते है।

## परिणाम

### 1.1 हवालबाग विकासखंड में कुल ग्रामीण जनसंख्या वृद्धि

तालिका 1.1 व चित्र सं.1.2 में हवालबाग विकासखंड की ग्रामीण जनसंख्या 1971-2011 को दर्शाया गया है। विकासखंड में 1971 में कुल जनसंख्या 42,170, 1981 में 50,712, 1991 में 59,227, 2001 में 67,258 तथा 2011 में 67,447 दर्ज की गयी है।


तालिका 1.1 अध्ययन क्षेत्र में कुल ग्रामीण जनसंख्या वृद्धि 1971-2011

| वर्ष | कुल जनसंख्या | कुल वृद्धिदर (%) |
|---|---|---|
| 1971 | 42,170 | -8.2 |
| 1981 | 50,712 | 20.2 |
| 1991 | 59,227 | 16.7 |
| 2001 | 67,258 | 13.5 |
| 2011 | 67,447 | 0.2 |

स्रोत- जनगणना हस्तपुस्तिका जनपद अल्मोडा 1971-2011

अध्ययन क्षेत्र में ग्रामीण जनसंख्या वृद्धि दर 1971 में -8.28 प्रतिशत, 1981 में 20.25 प्रतिशत, 1991 में 16.78 प्रतिशत, 2001 में 13.55 प्रतिशत तथा 2011 में 0.28 प्रतिशत दर्ज की गयी है। उपरोक्त दशकों में ग्रामीण जनसंख्या वृद्धि में निरन्तर गिरावट देखी गयी है तथा अन्य दशकों की तुलना में 2011 के दशक में वृद्धि दर में तेजी से गिरावट दर्ज की गयी है।

चित्र स.1.2 अध्ययन क्षेत्र में कुल ग्रामीण जनसंख्या वृद्धि 1971-2011




स्रोत- जनगणना हस्तपुस्तिका जनपद अल्मोड़ा 1971-2011

## 1.2 हवालबाग विकासखंड में राजस्व ग्राम के अनुसार जनसंख्या वृद्धि

तालिका 1.2 अध्ययन क्षेत्र में राजस्व ग्राम के अनुसार जनसंख्या वृद्धि 1971-2011

| क्र0स0 | राजस्व ग्राम | कुल जनसंख्या | | | | | कुल जनसंख्या वृद्धि (%) | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | वर्ष | | | | | वर्ष | | | |
| | | 1971 | 1981 | 1991 | 2001 | 2011 | 1971-81 | 1981-91 | 1991-01 | 2001-11 |
| 1 | चिनौना | 574 | 679 | 674 | 655 | 649 | 18.2 | -0.7 | -2.8 | -0.9 |
| 2 | रणखिला | 284 | 306 | 369 | 382 | 432 | 7.7 | 20.5 | 3.5 | 13.0 |
| 3 | रैंसल | गैरआबाद | 5 | 3 | 5 | 7 | 0 | -40 | 66.6 | 40 |
| 4 | नकुटा मफी | 154 | 117 | 123 | 111 | 153 | -24 | 5.1 | -9.7 | 37.8 |
| 5 | ओडला | 231 | 291 | 262 | 314 | 348 | 25.9 | -9.9 | 19.8 | 10.8 |
| 6 | बजगल | 182 | 204 | 200 | 207 | 206 | 12.0 | -1.9 | 3.5 | -0.4 |
| 7 | पनकोट | 249 | 328 | 302 | 324 | 307 | 31.7 | 7.9 | 7.2 | -5.2 |
| 8 | गली बस्यूरा | 549 | 646 | 628 | 691 | 740 | 17.6 | -2.7 | -10.0 | 7.0 |
| 9 | पठूरा | 343 | 343 | 365 | 391 | 440 | 0 | 6.4 | 7.1 | 12.5 |
| 10 | खायकाटा | 32 | 226 | 259 | 247 | 355 | 606.2 | 14.6 | -4.6 | 43.7 |
| 11 | डंगीखोला | 513 | 359 | 366 | 395 | 378 | -30.0 | 1.9 | 7.9 | -4.3 |
| 12 | तितर मुची | 53 | 79 | 77 | 77 | 116 | 49.0 | -2.5 | 0 | 50.6 |
| 13 | रमणा | 226 | 223 | 208 | 176 | 148 | -1.3 | -6.7 | -15.3 | -15.9 |
| 14 | भगोती | 50 | 45 | 41 | 37 | 29 | -10 | -8.8 | -9.7 | -21.6 |
| 15 | लक्ष्मीपुर | 93 | 81 | 61 | 58 | 71 | -12.9 | -24.6 | -4.9 | 22.4 |
| 16 | करकरात मफी | गैरआबाद | 53 | 54 | 66 | गैरआबाद | गैरआबाद | 1.8 | 22.2 | गैरआबाद |
| 17 | रैजधार | गैरआबाद | गैरआबाद | गैरआबाद | गैरआबाद | गैरआबाद | गैरआबाद | गैरआबाद | गैरआबाद | गैरआबाद |
| 18 | स्यूरा | 99 | 102 | 113 | 117 | 107 | 3.0 | 10.7 | 3.5 | -8.5 |
| 19 | पैसारी | 36 | 32 | 35 | 30 | 40 | -11.1 | 9.3 | -14.2 | 33.3 |
| 20 | गढ़ोली | 438 | 593 | 593 | 574 | 674 | 35.3 | 0 | -3.2 | 17.4 |
| 21 | कस्यून | 339 | 342 | 354 | 360 | 360 | 0.8 | 3.5 | 1.6 | 0 |
| 22 | विजेपुर | 20 | 23 | 27 | 34 | 24 | 15 | 17.3 | 25.9 | -29.4 |
| 23 | कनालबुंगा | 518 | 580 | 670 | 716 | 665 | 11.9 | 15.5 | 6.8 | -7.1 |
| 24 | जाखकठायतछाना | 60 | 65 | 77 | 86 | 72 | 8.3 | 18.4 | 11.6 | -16.2 |
| 25 | मैछोर | 191 | 198 | 177 | 213 | 184 | 3.6 | -10.6 | 20.3 | -13.6 |
| 26 | बेह | 242 | 246 | 277 | 235 | 241 | 1.6 | 12.6 | -15.1 | 2.5 |
| 27 | गागिल | 132 | 168 | 155 | 183 | 153 | 27.2 | -7.7 | 18.0 | -16.3 |
| 28 | नाकोट | 199 | 237 | 214 | 222 | 243 | 19.0 | -9.7 | 3.7 | 9.4 |
| 29 | वल्सा मल्ला | 120 | 137 | 162 | 136 | 121 | 14.1 | 18.2 | -16.0 | -11.0 |
| 30 | वल्सा तल्ला | 18 | 17 | 39 | 51 | 94 | -5.5 | 129.4 | 30.7 | 84.3 |
| 31 | उसकूना | 213 | 210 | 223 | 231 | 205 | -1.4 | 6.1 | 3.5 | -11.2 |
| 32 | मेहला | 195 | 181 | 218 | 158 | 159 | -7.1 | 20.4 | -27.5 | 0.6 |
| 33 | भनारगाँव | 226 | 248 | 260 | 261 | 248 | 9.7 | 4.8 | 0.3 | -4.9 |
| 34 | बरसीमी | 272 | 273 | 257 | 271 | 217 | 0.3 | -5.8 | 5.4 | -19.9 |
| 35 | नैनोली | 378 | 409 | 446 | 409 | 458 | 8.2 | 9.0 | -8.2 | 11.9 |
| 36 | मैगरी | 228 | 289 | 315 | 263 | 192 | 26.7 | 8.9 | -16.5 | -26.9 |
| 37 | भट्ट ज्यूला | 266 | 240 | 238 | 220 | 197 | -9.7 | -0.8 | -7.5 | -10.4 |
| 38 | भटगर | 154 | 165 | 184 | 195 | 252 | 7.1 | 11.5 | 5.9 | 29.2 |
| 39 | न्याल ज्यूला | 207 | 216 | 211 | 279 | 262 | 4.3 | -2.3 | 32.2 | -6.0 |

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 40 | ग्वालाकोट | 452 | 551 | 523 | 514 | 438 | 21.9 | -5.0 | -1.7 | -14.9 |
| 41 | ज्यूला | 248 | 271 | 326 | 344 | 313 | 9.2 | 20.2 | 5.5 | -9.0 |
| 42 | तिलोरा | 232 | 226 | 220 | 226 | 202 | -2.5 | -2.6 | 2.7 | -10.6 |
| 43 | पोखरी | 297 | 304 | 385 | 419 | 447 | 2.3 | 26.6 | 8.8 | 6.6 |
| 44 | थपनियाँ | 511 | 574 | 539 | 507 | 392 | 12.3 | -6.0 | -5.9 | -22.6 |
| 45 | सकनियाकोट | 294 | 253 | 301 | 278 | 242 | -13.9 | 18.9 | -7.6 | -12.9 |
| 46 | भेलगर | 75 | 77 | 100 | 128 | 118 | 2.6 | 29.8 | 28 | -7.8 |
| 47 | सकार | 350 | 346 | 322 | 317 | 295 | -1.1 | -6.9 | -1.5 | -6.9 |
| 48 | बसोली मफी | गैरआबाद | गैरआबाद | गैरआबाद | गैरआबाद | 12 | गैरआबाद | गैरआबाद | गैरआबाद | 0 |
| 49 | दरमिखोला | 249 | 315 | 371 | 384 | 338 | 26.5 | 17.7 | 3.5 | -11.9 |
| 50 | वड्यूरा | 252 | 331 | 438 | 508 | 509 | 31.3 | 32.3 | 15.9 | 0.9 |
| 51 | पिथराड़ | 38 | 48 | 84 | 30 | 31 | 26.3 | 75 | -64.2 | 3.3 |
| 52 | स्यूनराकोट | 305 | 358 | 369 | 353 | 318 | 17.3 | 3.07 | -4.3 | -9.9 |
| 53 | पिलखा | 242 | 492 | 508 | 609 | 593 | 103.3 | 3.25 | 19.8 | 2.6 |
| 54 | खानून | 62 | 69 | 70 | 71 | 81 | 11.2 | 1.4 | 1.4 | 14.0 |
| 55 | मलेरा | 72 | 111 | 99 | 106 | 98 | 54.1 | -10.8 | 7.0 | -7.5 |
| 56 | पाखुरा | 535 | 842 | 649 | 671 | 561 | 57.3 | -22.9 | 3.3 | -16.3 |
| 57 | ज्योली | 127 | 159 | 211 | 173 | 236 | 25.1 | 32.7 | -18.0 | 36.4 |
| 58 | हवालबाग बाजार | 79 | 115 | 105 | 89 | 95 | 45.5 | -8.6 | -15.2 | 6.7 |
| 59 | हवालबाग फर्म | 166 | 265 | 129 | 86 | 71 | 59.6 | -51.3 | -33.3 | -17.4 |
| 60 | हवालबाग साहू | 2 | 5 | 5 | 76 | 38 | 150 | 0 | 1420 | -50 |
| 61 | हवालबागहरनाल | 101 | 127 | 120 | 102 | 121 | 25.7 | -5.5 | -15 | 18.6 |
| 62 | लाइन स्टेट फार्म | 66 | 49 | 146 | 112 | 148 | -25.7 | 197.9 | -23.2 | 32.1 |
| 63 | बुधखोला | गैरआबाद | गैरआबाद | 13 | 21 | 26 | गैरआबाद | 0 | 61.5 | 23.8 |
| 64 | पापरा | 20 | 74 | 66 | 109 | 104 | 270 | -10.8 | 65.1 | 4.5 |
| 65 | महतगाँव | 544 | 549 | 607 | 644 | 579 | 0.9 | 10.5 | 6.0 | -10.0 |
| 66 | फतेहपुर बरी | 72 | 68 | 94 | 102 | 104 | -5.5 | 38.2 | 8.5 | 1.9 |
| 67 | मैणी | 103 | 131 | 96 | 93 | 114 | 27.1 | -26.7 | -3.1 | 22.5 |
| 68 | पंचगाँव | 167 | 165 | 181 | 227 | 288 | -1.1 | 9.6 | 25.4 | 26.8 |
| 69 | घनेली | 346 | 459 | 475 | 531 | 556 | 32.6 | 3.4 | 11.7 | 4.7 |
| 70 | जोस्यना | 102 | 101 | 81 | 87 | 87 | -0.9 | -19.8 | 7.4 | 0 |
| 71 | उडियारी | 227 | 276 | 325 | 316 | 464 | 21.5 | 17.7 | -2.7 | 46.8 |
| 72 | कैनीखोला | गैरआबाद | गैरआबाद | गैरआबाद | गैरआबाद | गैरआबाद | गैरआबाद | गैरआबाद | गैरआबाद | गैरआबाद |
| 73 | कोटुली | 302 | 320 | 356 | 360 | 292 | 5.9 | 11.2 | 1.1 | -18.8 |
| 74 | मनान | 386 | 422 | 493 | 466 | 614 | 9.3 | 16.8 | -5.4 | 31.7 |
| 75 | गजोली | 3 | 14 | 3 | गैरआबाद | 15 | 366.6 | -78.5 | गैरआबाद | 0 |
| 76 | गढ़वाली | 221 | 243 | 234 | 214 | 213 | 9.9 | -3.0 | -8.2 | -0.4 |
| 77 | पपोली | 162 | 167 | 186 | 220 | 233 | 3.0 | 11.3 | 18.2 | 5.9 |
| 78 | पथरकोट | 307 | 316 | 340 | 269 | 250 | 2.9 | 6.9 | -20.8 | -7.0 |
| 79 | बिमोला | 368 | 442 | 509 | 534 | 703 | 20.1 | 15.1 | 4.9 | 31.6 |
| 80 | कयाला | 231 | 247 | 302 | 306 | 346 | 6.9 | 22.2 | 1.3 | 13.0 |
| 81 | स्यूना | 145 | 174 | 176 | 196 | 160 | 20 | 1.1 | 11.3 | -18.3 |
| 82 | क्वैराली | 131 | 136 | 140 | 161 | 131 | 3.8 | 2.9 | 15 | -18.6 |
| 83 | सिमल्टा | 73 | 86 | 77 | 87 | 105 | 17.8 | -10.4 | 12.9 | 20.6 |
| 84 | कटारमल गुंथ | 379 | 433 | 469 | 610 | 633 | 14.2 | 8.3 | 30.0 | 3.7 |
| 85 | सीला | गैरआबाद | 2 | गैरआबाद | गैरआबाद | गैरआबाद | 0 | गैरआबाद | गैरआबाद | गैरआबाद |
| 86 | नैकाना | गैरआबाद | गैरआबाद | गैरआबाद | गैरआबाद | गैरआबाद | गैरआबाद | गैरआबाद | गैरआबाद | गैरआबाद |
| 87 | केस्ता | 307 | 335 | 300 | 339 | 345 | 9.1 | -10.4 | 13 | 1.7 |
| 88 | सिलानी | 207 | 317 | 327 | 291 | 300 | 53.1 | 3.1 | -11.0 | 3.0 |
| 89 | रिखाई | 299 | 317 | 301 | 261 | 251 | 6.0 | -5.0 | -13.2 | -3.8 |
| 90 | नौगाँवगुंथ | 47 | 46 | 45 | 40 | 25 | -2.1 | -2.1 | -11.1 | -37.5 |
| 91 | चौना | 511 | 615 | 733 | 912 | 901 | 20.3 | 19.1 | 24.4 | -1.2 |
| 92 | क्वैराला | 276 | 332 | 329 | 357 | 386 | 20.2 | -0.9 | 8.5 | 8.1 |
| 93 | खोड़ी | 287 | 383 | 380 | 250 | 421 | 33.4 | -0.7 | -34.2 | 68.4 |
| 94 | सरोली | 69 | 70 | 96 | 220 | 72 | 1.4 | 37.1 | 129.1 | -67.2 |
| 95 | उडालकोट | गैरआबाद | गैरआबाद | गैरआबाद | 4 | गैरआबाद | गैरआबाद | गैरआबाद | 0 | गैरआबाद |
| 96 | गुरना | 400 | 468 | 509 | 471 | 401 | 17 | 8.7 | -7.4 | -14.8 |
| 97 | भकराडक | 18 | 34 | 35 | 36 | 54 | 88.8 | 2.9 | 2.8 | 50 |
| 98 | टकोली | 114 | 107 | 127 | 152 | 114 | -6.1 | 18.6 | 19.6 | -25 |
| 99 | बंगसर | 168 | 183 | 128 | 145 | 130 | 8.9 | -30.0 | 13.2 | -10.3 |
| 100 | छाना | 59 | 80 | 71 | 78 | 74 | 35.5 | -11.2 | 9.8 | -5.1 |
| 101 | कालुटिया | 22 | 28 | 41 | 56 | 62 | 27.2 | 46.4 | 36.5 | 10.7 |
| 102 | लधपहाड़ | 25 | 20 | 29 | 23 | 27 | -20 | 45 | -26.6 | 17.3 |
| 103 | कफलकोट | 151 | 193 | 225 | 227 | 212 | 27.8 | 16.5 | 0.8 | -6.6 |
| 104 | कुरचौन | 446 | 556 | 519 | 445 | 376 | 24.6 | -6.6 | -14.2 | -15.5 |
| 105 | पतलना | 17 | 15 | 4 | 11 | 7 | -11.7 | -73.3 | 175 | -36.3 |
| 106 | ढैली | 275 | 310 | 306 | 303 | 279 | 12.7 | -1.2 | -0.9 | -7.9 |
| 107 | देवलीखान | 508 | 469 | 402 | 427 | 448 | -7.6 | -14.2 | 6.2 | 4.9 |
| 108 | बड़गल रौतेला | 154 | 163 | 198 | 162 | 115 | 5.8 | 21.4 | -18.1 | -29.0 |
| 109 | डोलपोखरा | 8 | 71 | 101 | 103 | 66 | 787.5 | 42.2 | 1.9 | -35.9 |

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 110 | कफचौन | 19 | 21 | 34 | 19 | 16 | 10.5 | 61.9 | -44.1 | -15.7 |
| 111 | बड्गल भट्ट | 365 | 405 | 479 | 370 | 402 | 10.9 | 18.2 | -22.7 | 8.6 |
| 112 | बसगाँव | 198 | 190 | 230 | 200 | 177 | -4.5 | 21.0 | -13.0 | -11.5 |
| 113 | दरमाण | 103 | 99 | 112 | 118 | 87 | -3.8 | 13.1 | 5.3 | -26.2 |
| 114 | चम्पा | 159 | 178 | 232 | 263 | 246 | 11.9 | 30.3 | 13.3 | -6.4 |
| 115 | स्याहीदेवी बगीचा | 60 | 109 | 197 | 197 | 211 | 81.6 | 80.7 | 0 | 7.1 |
| 116 | स्याहीदेवी गुंध | 56 | 63 | 47 | 29 | 38 | 12.5 | -25.3 | -38.2 | 31.0 |
| 117 | सल्ला रौतेला | 328 | 369 | 379 | 505 | 493 | 12.5 | 2.7 | 33.2 | -2.3 |
| 118 | नौला | 374 | 512 | 642 | 601 | 693 | 36.8 | 25.3 | -6.3 | 15.3 |
| 119 | बसर | 377 | 442 | 431 | 493 | 536 | 17.2 | -2.4 | 14.3 | 8.7 |
| 120 | कनेली | 265 | 269 | 248 | 254 | 236 | 1.5 | -7.8 | 2.4 | -7.0 |
| 121 | बिसरा | 135 | 149 | 151 | 191 | 209 | 10.3 | 1.3 | 26.4 | 9.4 |
| 122 | ज्योली | 313 | 468 | 473 | 495 | 588 | 49.5 | 1.0 | 4.6 | 18.7 |
| 123 | खरकुना | 101 | 110 | 129 | 129 | 98 | 8.9 | 17.2 | 0 | -24.0 |
| 124 | कुज्यारी | 148 | 241 | 301 | 353 | 470 | 62.8 | 24.8 | 17.2 | 33.1 |
| 125 | दिलकोट | 104 | 117 | 105 | 116 | 100 | 12.5 | -10.2 | 10.4 | -13.7 |
| 126 | मटेला | 147 | 157 | 200 | 227 | 240 | 6.8 | 27.3 | 13.5 | 5.7 |
| 127 | आधार मफी | 74 | 69 | 38 | 60 | 60 | -6.7 | -44.9 | 57.8 | 0 |
| 128 | भाकर | 119 | 135 | 160 | 187 | 158 | 13.4 | 18.5 | 16.8 | -15.5 |
| 129 | खूँट | 297 | 383 | 386 | 467 | 532 | 28.9 | 0.7 | 20.9 | 13.9 |
| 130 | वल्सा | 139 | 132 | 124 | 141 | 105 | -5.0 | -6.0 | 13.7 | -25.5 |
| 131 | धामस | 816 | 959 | 1415 | 1280 | 1249 | 17.5 | 47.5 | -9.5 | -2.4 |
| 132 | धारी | 220 | 295 | 339 | 382 | 393 | 34.0 | 14.9 | 12.6 | 2.8 |
| 133 | टानी | 33 | 52 | 59 | 49 | 59 | 57.5 | 13.4 | -16.9 | 20.4 |
| 134 | जोलस्वार | 82 | 132 | 143 | 136 | 149 | 60.9 | 8.3 | -4.8 | 9.5 |
| 135 | लटवाल गाँव | 47 | 72 | 85 | 97 | 102 | 53.1 | 18.0 | 14.1 | 5.1 |
| 136 | गढ़तीर | गैरआबाद | गैरआबाद | गैरआबाद | गैरआबाद | गैरआबाद | गैरआबाद | गैरआबाद | गैरआबाद | गैरआबाद |
| 137 | चान | 202 | 253 | 261 | 281 | 268 | 25.2 | 3.2 | 7.6 | -4.6 |
| 138 | नौगाँव | 165 | 177 | 157 | 161 | 149 | 7.2 | -11.2 | 2.5 | -7.4 |
| 139 | रौन | 355 | 422 | 465 | 513 | 548 | 18.8 | 10.1 | 10.3 | 6.8 |
| 140 | डाल | 391 | 410 | 585 | 477 | 531 | 4.8 | 42.6 | -18.4 | 11.3 |
| 141 | जूरकफून | 353 | 409 | 391 | 469 | 559 | 15.8 | -4.4 | 19.9 | 19.1 |
| 142 | थाट | 27 | 29 | 45 | 44 | 37 | 7.4 | 55.1 | -2.2 | -15.9 |
| 143 | डोबा | 345 | 420 | 409 | 423 | 386 | 21.7 | -2.6 | 3.4 | -8.7 |
| 144 | सरना | 83 | 82 | 70 | 59 | 87 | -1.2 | -14.6 | -15.7 | 47.4 |
| 145 | रैंगल | 191 | 280 | 234 | 245 | 273 | 46.5 | -16.4 | 4.7 | 11.4 |
| 146 | बालम | 70 | 59 | 76 | 64 | 108 | -15.7 | 28.8 | -15.7 | 68.7 |
| 147 | सिधपुर | 152 | 176 | 155 | 188 | 224 | 15.7 | -11.9 | 21.2 | 19.1 |
| 148 | पतलिया | 106 | 125 | 148 | 158 | 157 | 17.9 | 18.4 | 6.7 | -0.6 |
| 149 | कुमान | 96 | 90 | 107 | 137 | 169 | -6.2 | 18.8 | 28.0 | 23.3 |
| 150 | सैज | 200 | 222 | 269 | 263 | 176 | 11 | 21.1 | -2.2 | -33.0 |
| 151 | ढटवालगाँव | 236 | 305 | 315 | 341 | 303 | 29.2 | 3.2 | 8.2 | -11.1 |
| 152 | मटेना | 540 | 677 | 714 | 862 | 849 | 25.3 | 5.4 | 20.7 | -1.5 |
| 153 | डीनापानी | गैरआबाद | गैरआबाद | 8 | 11 | गैरआबाद | गैरआबाद | 0 | 37.5 | गैरआबाद |
| 154 | माट | 509 | 677 | 667 | 807 | 819 | 33.0 | -1.47 | 20.9 | 1.4 |
| 155 | कालीमटी | 3 | 7 | 37 | 61 | 61 | 133.3 | 428.5 | 64.8 | 0 |
| 156 | त्यारीखान | 5 | 23 | 25 | 52 | 50 | 360 | 8.6 | 108 | -3.8 |
| 157 | बिन्तोला तल्ला | 66 | 104 | 259 | 52 | 105 | 57.5 | 149.0 | -79.9 | 101.9 |
| 158 | बिन्तोला मल्ला | 192 | 201 | 55 | 268 | 215 | 4.6 | -72.6 | 387.2 | -19.7 |
| 159 | कुटगोली | 169 | 163 | 194 | 212 | 202 | -3.5 | 19.0 | 9.2 | -4.7 |
| 160 | दमुवाकनाला | 9 | 40 | 36 | 20 | 33 | 344.4 | -10 | -44.4 | 65 |
| 161 | रैलाकोट | 403 | 126 | 504 | 516 | 590 | -68.7 | 300 | 2.3 | 14.3 |
| 162 | नाईखोला | 159 | 181 | 190 | 219 | 175 | 13.8 | 4.9 | 15.2 | -20.0 |
| 163 | मटेला | 573 | 728 | 689 | 829 | 919 | 27.0 | -5.3 | 20.3 | 10.8 |
| 164 | सुनोला मल्ला | गैरआबाद | 27 | 28 | 23 | 16 | 0 | 3.7 | -17.8 | -30.4 |
| 165 | सुनोला तल्ला | 159 | 120 | 139 | 179 | 209 | -24.5 | 15.8 | 28.7 | 16.7 |
| 166 | सरकार का आली | गैरआबाद | गैरआबाद | 395 | 1,112 | 1,346 | गैरआबाद | 0 | 181.5 | 21.0 |
| 167 | रैलात्यारी | गैरआबाद | 36 | गैरआबाद | 57 | 47 | 0 | गैरआबाद | 0 | -17.5 |
| 168 | स्याली | 330 | 363 | 426 | 486 | 533 | 10 | 17.3 | 14.0 | 9.6 |
| 169 | अधेली सुनार | 69 | 109 | 145 | 191 | 212 | 57.9 | 33.0 | 31.7 | 10.9 |
| 170 | अटडेली तिवारी | 19 | 20 | 25 | 32 | 33 | 5.2 | 25 | 28 | 3.1 |
| 171 | स्याली टान्डा | गैरआबाद | गैरआबाद | गैरआबाद | 5 | गैरआबाद | गैरआबाद | गैरआबाद | 0 | गैरआबाद |
| 172 | छाना | 125 | 172 | 196 | 188 | 172 | 37.6 | 13.9 | -4.0 | -8.5 |
| 173 | न्याललगारैलाकोट | 24 | 349 | 46 | 52 | 44 | 1354.1 | -86.8 | 13.0 | -15.3 |
| 174 | भूल्यूरा | 166 | 189 | 218 | 241 | 267 | 13.8 | 15.3 | 10.5 | 10.7 |
| 175 | सोभ्यून स्टेट | 7 | 10 | 21 | 20 | 17 | 42.8 | 110 | -4.7 | -15 |
| 176 | बल्टबरी | 46 | 55 | 72 | 63 | 56 | 19.5 | 30.9 | -12.5 | -11.1 |
| 177 | पपरशैली | 36 | 11 | 9 | 21 | 22 | -69.4 | -18.1 | 133.3 | 4.7 |
| 178 | कालीमटिया | 4 | 16 | 1 | 9 | गैरआबाद | 300 | -93.7 | 800 | गैरआबाद |
| 179 | बल्ट | 582 | 723 | 991 | 876 | 911 | 24.2 | 37.0 | -11.6 | 3.9 |
| 180 | सरियापानी | 19 | 11 | 20 | 16 | 17 | -42.1 | 81.8 | -20 | 6.2 |

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 181 | शैलगूंथ | गैरआबाद | 526 | 607 | 857 | 1,109 | 0 | 15.3 | 41.1 | 29.4 |
| 182 | सुनारखोला | 74 | 77 | 91 | 85 | 68 | 4.0 | 18.1 | -6.5 | -20 |
| 183 | नारायणतिवारीदिवाल | गैरआबाद | 39 | 54 | 46 | 64 | 0 | 38.4 | -14.8 | 39.1 |
| 184 | थाट बंगला | 11 | 8 | 36 | 66 | 72 | -27.2 | 350 | 83.3 | 9.0 |
| 185 | चितई तिवारी | 209 | 240 | 254 | 287 | 354 | 14.8 | 5.8 | 12.9 | 23.3 |
| 186 | मनयोली | 62 | 66 | 60 | 59 | 70 | 6.4 | -9.0 | -1.6 | 18.6 |
| 187 | चितई पन्त | 199 | 219 | 287 | 348 | 424 | 10.0 | 31.0 | 21.2 | 21.8 |
| 188 | पेटशालबरी | 25 | 30 | 32 | 35 | 36 | 20 | 6.6 | 9.3 | 2.8 |
| 189 | तलार | 352 | 393 | 224 | 582 | 634 | 11.6 | -43.0 | 159.8 | 8.9 |
| 190 | बरसीमी | 418 | 525 | 700 | 792 | 958 | 25.2 | 33.3 | 13.1 | 20.9 |
| 191 | चौंसली | 403 | 448 | 508 | 526 | 671 | 11.1 | 13.3 | 3.5 | 27.5 |
| 192 | सैनार | 262 | 302 | 344 | 369 | 405 | 15.2 | 13.9 | 7.2 | 9.7 |
| 193 | खत्यारी | 1,091 | 1,480 | 3,145 | 4,103 | 0 | 35.6 | 112 | 30 | 0 |
| 194 | दरसीमी | गैरआबाद | 9 | 9 | 36 | 20 | 0 | 0 | 300 | -44.4 |
| 195 | फरका | 125 | 137 | 128 | 184 | 209 | 9.6 | -6.5 | 43.7 | 13.5 |
| 196 | सिमकुकारी | 83 | 87 | 105 | 99 | 130 | 4.8 | 20.6 | -5.7 | 31.3 |
| 197 | रैलापाली | 143 | 154 | 414 | 725 | 810 | 7.6 | 168 | 75.1 | 11.7 |
| 198 | गरगूंथ | 77 | 113 | 511 | 620 | 554 | 46.7 | 352.2 | 21.3 | -10.6 |
| 199 | भनार | 42 | 150 | 90 | 97 | 124 | 257.1 | -40 | 7.7 | 27.8 |
| 200 | नैनी कुमस्याल | 84 | 24 | 124 | 289 | 190 | -71.4 | 416.6 | 133.0 | -34.2 |
| 201 | कुनेटा गुंथ | गैरआबाद | गैरआबाद | गैरआबाद | गैरआबाद | 27 | गैरआबाद | गैरआबाद | गैरआबाद | 0 |
| 202 | मलार | गैरआबाद | गैरआबाद | गैरआबाद | गैरआबाद | गैरआबाद | गैरआबाद | गैरआबाद | गैरआबाद | गैरआबाद |
| 203 | बैजनिया गुंथ | गैरआबाद | 3 | 2 | गैरआबाद | 5 | 0 | 33.3 | गैरआबाद | 0 |
| 204 | पाण्डेखोला | 0 | 115 | 248 | 228 | 513 | 0 | 115.6 | -8.0 | 125 |
| 205 | पोथ फ्री स्टेट | 2 | 32 | 123 | 108 | 51 | 1500 | 284.3 | -12.1 | -52.7 |
| 206 | रैखोली | 75 | 95 | 120 | 126 | 143 | 26.6 | 26.3 | 5 | 13.4 |
| 207 | अथरबरी | 0 | 25 | 19 | 59 | 328 | 0 | -24 | 210.5 | 455.9 |
| 208 | घुरसौं गुंथ | 270 | 334 | 337 | 328 | 368 | 23.7 | 0.8 | -2.6 | 12.1 |
| 209 | तलार बरी | 133 | 173 | 457 | 273 | 352 | 30.0 | 164.1 | -40.2 | 28.9 |
| 210 | गोलना कराारिया | 0 | 2 | 127 | 1,391 | 1,142 | 0 | 6250 | 995 | -17.9 |
| 211 | सिमतोला | गैरआबाद | गैरआबाद | गैरआबाद | गैरआबाद | गैरआबाद | गैरआबाद | गैरआबाद | गैरआबाद | गैरआबाद |
| 212 | फलसीमा | 513 | 693 | 714 | 767 | 874 | 35.0 | 3.0 | 7.4 | 13.9 |
| 213 | कुचार | गैरआबाद | गैरआबाद | गैरआबाद | गैरआबाद | गैरआबाद | गैरआबाद | गैरआबाद | गैरआबाद | गैरआबाद |
| 214 | पिथोनी | 258 | 302 | 259 | 258 | 419 | 17.0 | -14.2 | -0.3 | 62.4 |
| 215 | मुराद | गैरआबाद | गैरआबाद | 8 | गैरआबाद | गैरआबाद | गैरआबाद | 0 | गैरआबाद | गैरआबाद |
| 216 | सिन्दुरी | गैरआबाद | गैरआबाद | गैरआबाद | गैरआबाद | गैरआबाद | गैरआबाद | गैरआबाद | गैरआबाद | गैरआबाद |
| 217 | बिरौरी | 331 | 397 | 450 | 406 | 391 | 19.9 | 13.3 | -9.7 | -3.6 |
| 218 | तातिक | 136 | 192 | 193 | 166 | 135 | 41.1 | 0.5 | -13.9 | -18.6 |
| 219 | कुनाँव | 31 | 36 | 51 | 71 | 92 | 16.1 | 41.6 | 39.2 | 29.5 |
| 220 | बख | 144 | 225 | 263 | 302 | 419 | 56.2 | 16.8 | 14.8 | 38.7 |
| 221 | दमुवाधारा | 0 | 16 | 26 | 140 | 190 | 0 | 62.5 | 438.4 | 35.7 |
| 222 | चामरी | 82 | 117 | 54 | 85 | 71 | 42.6 | -53.8 | 57.4 | -16.4 |
| 223 | पालरीगर | 53 | 39 | 117 | 172 | 156 | -26.4 | 200 | 47.0 | -9.3 |
| 224 | देवली | 423 | 482 | 582 | 700 | 760 | 13.9 | 20.7 | 20.2 | 8.5 |
| 225 | लाट | 319 | 343 | 392 | 446 | 505 | 7.5 | 14.2 | 13.7 | 13.2 |
| 226 | आसेर टाना | 0 | 241 | 327 | 362 | 428 | 0 | 35.6 | 10.7 | 18.2 |
| 227 | कालेट | 57 | 61 | 42 | 27 | 35 | 7.0 | -31.1 | -35.7 | 29.6 |
| 228 | माल | 749 | 865 | 1,353 | 1,929 | 2,627 | 15.4 | 56 | 42 | 36 |
| 229 | सरसौं | 246 | 644 | 1,050 | 1,329 | 1,396 | 161.7 | 63 | 26.5 | 5 |
| 230 | भैंसोरा | 1 | 16 | 23 | 12 | 2 | 1500 | 43.7 | -47.8 | -83.3 |
| 231 | खगमराकोट | 32 | 20 | 256 | 345 | 643 | -37.5 | 1180 | 34.7 | 86.3 |
| 232 | दुगालखोल | 259 | 304 | 661 | 1,395 | 1,928 | 17.3 | 117.4 | 111 | 38 |
| 233 | सैकुरा | 64 | 81 | 252 | 247 | 284 | 26.5 | 211.1 | -1.9 | 14.9 |
| 234 | रडालकोट | 224 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 |
| 235 | सिरार | 328 | 328 | 376 | 370 | 392 | 0 | 14.6 | -1.5 | 5.9 |
| 236 | टुकुन्डा मफी | 19 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 |

स्रोत- जनगणना हस्तपुस्तिका जनपद अल्मोड़ा 1971-2011

### 1.3 हवालबाग विकासखंड में ग्रामीण जनसंख्या वृद्धि में परिवर्तन का प्रतिरुप

अध्ययन क्षेत्र में 1971-2011 के दशकों में जनसंख्या वृद्धि में परिवर्तन की प्रवृत्ति देखी गयी है अतः तालिका 1.3 में विकासखंड में जनसंख्या वृद्धि दर को (<0) नकारात्मक, (0-15) को निम्न,(15-30) को मध्यम व (30>) को उच्च वर्गों में विभाजित किया गया है तथा कुल ग्रामों के प्रतिशत को दर्शाया गया है।


तालिका 1.3 अध्ययन क्षेत्र में जनसंख्या वृद्धि में परिवर्तन 1971-2011

| वृद्धिदर (%) | वृद्धिदरश्रेणी | ग्रामों का प्रतिशत | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| | | 1971-81 | 1981-91 | 1991-01 | 2001-11 |
| <0 | नकारात्मक | 22 | 34 | 38 | 47 |
| 0-15 | निम्न | 38 | 29 | 34 | 29 |
| 15-30 | मध्यम | 18 | 16 | 12 | 11 |
| 30> | उच्च | 20 | 18 | 14 | 11 |


स्रोत- जनगणना हस्तपुस्तिका जनपद अल्मोड़ा 1971-2011

#### 1.3.1 नकारात्मक वृद्धिदर-


अध्ययन क्षेत्र में 1971-1981 के दशक में कुल 22% ग्रामों में जिसमें नैनी कुमस्याल (-71.4%), पपरशैली (-69.4%), रैलाकोट (-68.7%), सरियापानी (-42.1%), खगमराकोट (-37.5%) तथा 1981-1991 के दशक में कुल 34% ग्रामों में जिसमें पतलना (-73.3%), बिन्तोला मल्ला (-72.6%), चामरी (-53.8%), हवालबाग फार्म (-51.3%), तलार (43%) तथा 1991-2001 के दशक में कुल 38% ग्रामों में जिसमें बिन्तोला तल्ला (-79.9%), पिथराड़ (-64.2%), कफचौन (-44.1%), तलार बरी (-40.2%), मेहला (-27.5%) तथा 2001-2011 के दशक में कुल 47% ग्रामों में जिसमें भैंसोरा (-83.3%), सरोली (-67.2%), पोथ फ्री सैंपल स्टेट (-52.7%), दरसीमी (-44.4%), चौन (-37%) में नकारात्मक वृद्धि दर दर्ज की गयी है। अतः अध्ययन क्षेत्र में उपरोक्त दशकों 1971-2011 में ग्रामीण जनसंख्या में नकारात्मक वृद्धि दर में निरन्तर तीव्रता देखी गयी है।(तालिका1.3 व चित्र सं.1.3,1.4,1.5,1.6)।





चित्र स.1.3




चित्र स.1.4




चित्र सं.1.5




चित्र सं.1.6

**1.3.2. निम्न जनसंख्या वृद्धिदर (0-15%)-**

अध्ययन क्षेत्र में 1971-1981 के दशक में 38% ग्रामों में जिसमें बरसीमी (0.3%), सरोली (1.4%), डाल (4.8%), स्याली (10%) तथा चितई तिवारी (14.8%), तथा 1981-1991 के दशक में 29% ग्रामों में जिसमें खौड़ी (0.7%), डंगीखोला (1.9%), स्यूनराकोट (3%), पथरकोट (6.9%), जोलस्वार (8.3%), तथा 1991-2001 के दशक में 34% ग्रामों में जिसमें भनारगाँव (0.3%), खानून (1.4%), बिमोला (4.9%), दरमाण (5.3%), चान (7.6%) तथा 2001-2011 के दशक में 29% ग्रामों में जिनमें वड्यूरा (0.1%), फतेहपुर बरी (1.9%), कटारमल गुंथ (3.7%), सरसौं (5%), पपोली (5.9%) में निम्न जनसंख्या वृद्धि दर दर्ज की गयी है। अतः उपरोक्त दशकों में निम्न जनसंख्या वृद्धि दर वाले ग्रामों की संख्या सर्वाधिक देखी गयी है।(तालिका1.3 व चित्र सं.1.3,1.4,1.5,1.6)।

**1.3.3. मध्यम जनसंख्या वृद्धिदर (15-30%)-**

अध्ययन क्षेत्र में 1971-1981 के दशक में 18% ग्रामों में जिसमें ज्योली (25.1%), ग्वालाकोट (21.9%), बिमोला (20.1%), नाकोट (19%), चिनौना (18.2%) तथा 1981-1991 के दशक में 16% ग्रामों में जिसमें चौना (19.1%), टकोली (18.6%), उड्यारी (17.7%), शैलगूंथ (15.3%), दरमाण (13.1%) तथा 1991-2001 के दशक में 12% ग्रामों में जिसमें क्वैराला (24.5%), मैछोर (20.3%), ओडला (19.8%), कुज्यारी (17.2%), वड्यूरा (15.9%) तथा 2001-2011 के दशक में 11% ग्रामों में जिसमें कुमान (23.3%), मनयोली (18.6%), सुनोला तल्ला (16.7%), रैलाकोट (14.3%), फरका (13.5%) में मध्यम जनसंख्या वृद्धिदर दर्ज की गयी है तथा जिसमें 1971-2011 के दशकों में ग्रामों की वृद्धि दर में निरन्तर गिरावट देखी गयी है। (तालिका1.3 व चित्र. सं.1.3,1.4,1.5,1.6)।

**1.3.4.उच्च जनसंख्या वृद्धिदर (30% से अधिक)-**

अध्ययन क्षेत्र में 1971-1981 के दशक में 20% ग्रामों में जिसमें कुज्यारी (62.8%), अधेली सुनार (57.9%), टानी (57.5%), बख (56.2%), लटवालगाँव (53%) तथा 1981-1991 के दशक में 18% ग्रामों में जिसमें स्याही देवी बगीचा (80.7%) पिथराड़ (75%), कालुटिया (46.4%), डोलपोखरा (42.2%), फतेहपुर बरी (38.2%) तथा 1991-2001 के दशक में 14% ग्रामों में जिसमें थाट बंगला (83.3%), रैलापाली (75.1%), पापरा (65.1%), कालीमती (64%), फरका (43.7%) तथा 2001-2011 के दशक में 11% ग्रामों में जिसमें खौड़ी (68.4%), दमुवाकनाला (65%), पिथोनी (63.4%), सरना (47.4%), ज्योली (36.4%) में उच्च जनसंख्या वृद्धि दर दर्ज की गयी है। अतः उपरोक्त दशकों में उच्च वृद्धि दर वाले ग्रामों की संख्या में गिरावट देखी गयी है।(तालिका1.3 व चित्र सं.1.3,1.4,1.5,1.6।

## निष्कर्ष

प्रस्तुत शोध पत्र में अध्ययन क्षेत्र में 1971-2011 के दशक में ग्रामीण जनसंख्या वृद्धि में परिवर्तन देखा गया है। अध्ययन क्षेत्र की जनसंख्या में निरन्तर गिरावट देखी गयी है तथा जिस कारण के अधिकतर ग्रामों में नकारात्मक वृद्धि दर दर्ज गयी है। 1971-1981 के दशक में जहाँ 22% ग्रामों में नकारात्मक वृद्धि दर दर्ज की गयी थी तथा 2001-2011 के दशक में अध्ययन क्षेत्र में सर्वाधिक 47% ग्रामों में नकारात्मक वृद्धि दर दर्ज गयी है। अध्ययन क्षेत्र में निम्न जनसंख्या वृद्धि दर (0-15%) वाले ग्रामों की संख्या मे बढ़ोत्तरी देखी गयी है तथा उच्च वृद्धि दर (30%से अधिक) वाले ग्रामों में निरन्तर गिरावट दर्ज की गयी है। जिस कारण से 1971-1981 के दशक में कुल 20% ग्रामों में उच्च वृद्धि दर दर्ज की गयी थी परन्तु 2001-2011 के दशक में मात्र 11% ग्रामों में उच्च वृद्धि दर देखी गयी है। अतः अध्ययन क्षेत्र में ग्रामीण जनसंख्या वृद्धि दर उच्च से निम्न व नकारात्मक वृद्धि दर में परिवर्तित हो रही है। विकासखंड में तेजी से जनसंख्या ह्रास का एक प्रमुख कारण मैदानी क्षेत्रों की ओर निरन्तर बढ़ रहा पलायन रहा है जिसमें मुख्य रूप से युवा वर्ग सम्मिलित है। अतः अध्ययन क्षेत्र में आयु वर्ग संरचना में परिवर्तन देखा जा रहा है तथा जिस कारण से वृद्ध जनसंख्या तथा महिलाएँ ही ग्रामीण क्षेत्रों में निवास कर रही है। पुरूषों के पलायन के कारण महिलाओं तथा वृद्धजनों को बीमारी में, कृषि कार्यों आदि में विभिन्न समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है तथा जिस कारण से ग्रामीण क्षेत्रों की कृषि भूमि निरन्तर बंजर भूमि में परिवर्तित हो रही है। अतः निरन्तर जनसंख्या ह्रास के कारण अध्ययन क्षेत्र की सामाजिक-आर्थिक स्थिति पर संकट उत्पन्न हो रहा है।

# सन्दर्भ सूची


1. Rawat J.S.& Manish Kumar,;(2015):Monitoring Land Use Cover Change using GIS Techniques: A Case Study of Hawalbagh block, District Almora(Uttarakhand),The Egyptian Journal of Remote Sensing and Space Science.1(1).
2. Joshi,PuranChandra&Deepak;(2016):Changing Pattern of Demography in Almora District of Kumaun Himalaya in Between 2001-2011,The International Journal of Humanities & Social Studies,Vol3,Issue9.
3. Yadav,ArvindSingh&PandayD.C.;(2017):Demographic Attributes and Population Dynamics:Study from Himalaya State Uttarakhand India,Journal of Humanities and Social Science,Vol.22,Issue.8,PP.50-57.
4. Tripti&ChauniyalD.D.;(2015):Changing Pattern of Population Growth of Thalisain Block,Pauri District, Uttarakhand,An International Journal of Educational and Social development, 6(1):143.
5. KumariShivangi;Population Dynamics and Changing Pattern of Population Growth in Katihar District:A Comparative Analysis,International Journal of Creative Research Thoughts.
6. JanardhanDeepakGadekaer,;(2024):Population Growth and Problems in India:A Geographical Study,Geography for A Sustainable Future:Land, Climate and Water,PP.37-43.
7. SinghH.S.Goel&GoelSanjeev,;(2022):Sub Regional Population Analysis of Uttarakhand,AGPE The Royal Gondwana Research Journal,Vol.03,Issue.04,P.N.-52-62.
8. यादव,जलेसिंह,;(2025):भारत में जनसंख्या वृद्धि और पर्यावरण क्षरण का भौगोलिक अध्ययन,(IJIRCT),Vol.11,Issue.1.